हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 मार्च 2026

04 शादी का रिश्ता तय होने से खुश नहीं था नौशाद, हो...



07 100 से ज्यादा वैक्सीनेशन का टारगेट, लेकिन 22...





## खबर संक्षेप

### विद्या आरंभ उत्सव आज से, 17 हजार बच्चों को मिलेंगे प्रमाण पत्र

**विदिशा।** जिलेभर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार से विद्या आरंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 17 हजार बच्चों को ग्रेजुएशन सेरेमनी के रूप में प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल देकर आमंत्रण भी दिया गया है। प्रत्येक केंद्र पर बाल चौपाल का आयोजन होगा, जहां बच्चों को स्कूल में प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी रहेगी।

### रविवार सेवाः युवाओं ने बांटी खीर प्रसादी

**विदिशा।** माधवगंज क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है, जहां "खिचड़ी" नामक सामाजिक संगठन के युवा पिछले डेढ़ साल से हर रविवार जरूरतमंदों को भोजन प्रसादी वितरित कर रहे हैं। आज सिद्धेश्वरी मंदिर के सामने लोगों को खीर बांटी गई। संगठन के प्रमुख हरीश चौरसिया ने बताया कि उनका उद्देश्य भूखे लोगों तक नियमित भोजन पहुंचाना है। युवाओं की इस सेवा भावना को क्षेत्र में सराहा जा रहा है और लोग भी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं।

### आज 151 फीट चुनरी के साथ निकलेंगे जुलूस

**विदिशा।** किरी मोहल्ला स्थित रघुनाथ मंदिर से मंगलवार को भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा सुबह 9:30 बजे मुख्य मार्गों से होते हुए देवी मंदिर पहुंचेगी। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धालु शामिल होंगी। यात्रा के दौरान डीजे और ढोल की धुन पर भक्ति का माहौल बनेगा। इस बार विशेष आकर्षण 151 फीट लंबी चुनरी रहेगी, जिसे श्रद्धा भाव से ओढ़ाया जाएगा। आयोजन के संस्थापक एवं आयोजक चेतन जिझौतिया ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के द्वारा थाना सिविल लाइन में दर्ज अपराध में फरार आरोपी अंश उर्फ ओमी पुत्र अखिलेश शर्मा निवासी फेस-2 आरएमपी नगर की सूचना देने वालों को पांच हजार रुपए नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### ट्रेन में तबीयत बिगड़ी एक यात्री की मौत

**विदिशा।** बैतूल से काम कर भोपाल लौट रहे 48 वर्षीय मुरारी मीणा की ट्रेन में अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर सहयात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका, जिसके बाद उन्हें विदिशा में उतारकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। जीआरपी ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

# प्लानिंग कर तोड़ा घर, मालिक को बाइक पर बैठाकर घुमाते रहे, उधर गुंडे घर को तोड़ते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विवेकानंद चौराहे पर रविवार 22 मार्च की सुबह 11 बजे घर तोड़ने की घटना में अलग-अलग बात सामने आ रही है। पीड़ित परिवार ने 4 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने नीतेश दुबे, लक्ष्मण मीना, वरुण मलिक को आरोपी बनाया है। चौथे व्यक्ति को अज्ञात बताया है।

पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला भी दर्ज कर लिया है। हालांकि धीरेंद्र चिड़ार की शिकायत पर पुलिस ने धारा 329(4), 331(3), 305 (ए) एवं एससी, एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर जांच टीम गठित कर दी गइ है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे व एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच भी जारी है। पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर पूछताछ शुरू कर दी है। जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।



विदिशा। घटना के बाद विवेकानंद चौराह स्थित घर पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारी।

### मकान बेचने के दस्तावेज सोशल मीडिया पर किए गए वायरल

इधर सोमवार शाम को धीरेंद्र चिड़ार पिता खुमान सिंह चिड़ार द्वारा उक्त मकान को पूरनपुरा लालधाऊ निवासी नीतेश दुबे को 26 लाख रुपए में बेचना बताया गया है। यह दस्तावेज मीडिया को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दस्तावेजों में लिखा है कि धीरेंद्र अपना मकान नीतेश को बेच रहा है और 26 लाख रुपए की पूरी रकम ले चुका है। इसी बात पर विवाद शुरू हुआ है लेकिन पीड़ित ने यह मकान सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर बनाया है, यह दस्तावेज भी सामने आया है।

### पीड़ित बोलाः हैडसाहब आए थे, कहा था तुम्हारी रिपोर्ट है थाने आ जाओ

पीड़ित धीरेंद्र ने अपनी रिपोर्ट में बताया की सुबह एक हैडसाहब थाने से आए थे। उन्होंने कहा कि तुम्हारी रिपोर्ट है। दस्तखत करने थाने चलना है। एफआईआर के अनुसार लक्ष्मण मीना घर पहुंचा और उसने कहा घर का ताला लगा दो, मेरी बाइक से थाने चलते हैं। इसके बाद वह बाइक पर बैठाकर हमें शहर में यहां वहां घुमाता रहा। तभी मेरे बेटे दीपक का फोन आया कि अपना मकान टूट रहा है। धीरेंद्र ने बाइक चला रहे लक्ष्मण मीना से घर जाने का कहा तब भी लक्ष्मण उन्हे घुमाता रहा और कुछ देर घुमाने के बाद अस्पताल के पास छोड़कर चला गया।

### पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे कांग्रेसी

इधर खनिज विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी धीरेन्द्र चिढ़ार के मकान में बदमाशों द्वारा तोड़फोड़ के बाद सोमवार को बड़ी संख्या में कांग्रेसी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने पीड़ित को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से फोन पर बात कराई। पटवारी ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई, आर्थिक सहायता और सुरक्षा नहीं मिलने पर पार्टी स्वयं मकान का पुनर्निर्माण कराएगी। पीड़ित परिवार पिछले 30 वर्षों से इस मकान में निवास कर रहा है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और तहसील के नजदीक इतनी बड़ी घटना होना चिंताजनक है।

# सड़क की बदहाल स्थिति से व्यापारियों में आक्रोश तिलकचौक पर चक्काजाम

### नई बनी सड़क को पाइपलाइन डालने खोद डाला 20 दिन में भी मरम्मत न होने से बढ़ रहा आक्रोश



विदिशा। खराब सड़क के विरोध में प्रदर्शन करते हुए शहर के व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के तिलक चौक क्षेत्र में सोमवार दोपहर उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब बड़ी संख्या में व्यापारियों ने सड़क की खराब हालत से परेशान होकर चक्का जाम कर दिया।

व्यापारियों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में तिलक चौक से नीमताल तक सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, लेकिन कुछ ही समय बाद पाइपलाइन डालने के लिए सड़क को दोबारा खोद दिया गया। व्यापारियों का आरोप है कि पिछले करीब 20 दिनों से सड़क खुदी हुई पड़ी है, लेकिन अब तक उसका सुधार कार्य शुरू नहीं किया गया। इसके कारण सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए हैं और उड़ती धूल से व्यापारियों, आम नागरिकों और ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चक्काजाम के दौरान व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द से जल्द सड़क सुधार की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

# जल्द सर्वे शुरू किया जाए, नरवाई जलाने वाले किसानों को दिए नोटिस भी वापस लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ओलावृष्टि से गेहूं, चना और सरसों की फसलें प्रभावित हुई हैं। शीघ्र सर्वे शुरू कर किसानों को मुआवजा देने की मांग करते हुए सोमवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन ने अभी तक नुकसान का सही आकलन नहीं कराया और न ही राहत राशि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि ने किसानों की आजीविका छीन ली है, जिससे बैंक कर्ज चुकाना और पारिवारिक खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कांग्रेसियों ने मांग की कि



तत्काल विशेष सर्वे कराया जाए और वास्तविक नुकसान के अनुसार मुआवजा दिया जाए। फसल बीमा की राशि शीघ्र किसानों के खातों में डाली जाए। बैंक का कर्ज माफ करते हुए केसीसी जमा करने की छूट दी जाए। किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएं। नरवाई जलाने के नाम पर जो नोटिस जारी किए गए हैं, उन्हें वापस लिया जाए। श्री रघुवंशी ने चेतावनी दी कि यदि सेटेलाइट से नरवाई जलाने वालों को नोटिस दिया जा सकता है, तो किसानों को मुआवजा क्यों नहीं। कांग्रेस ने प्रशासन से तुरंत राहत कार्रवाई की मांग की है।

### सम्राट उत्सव-2026 की धूम, छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर



**विदिशा।** एसएटीआई में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'सम्राट उत्सव-2026' का शुभारंभ हुआ। पहले दिन रंगोली, हिंदी काव्य, वाद-विवाद, फेस पेंटिंग, एड-मेड शो, एकल गायन व लोक पोशाक प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों पर प्रभावी प्रस्तुति दी। आज इंग्लिश प्रतियोगिताएं, डांस व शॉर्ट फिल्म, जबकि 25 मार्च को स्टॉल, मॉक पार्लियामेंट व समापन समारोह होगा। निदेशक डॉ. वायके जैन ने विद्यार्थियों को अनुशासन व सहभागिता का संदेश दिया।

# कॅमर्शियल सिलेंडर कम होने से कैटरिंग का कारोबार ठप केटर्स ने कहाः बुकिंग लेने में 100 बार सोचना पड़ रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत से कैटरिंग व्यवसाय ठप होने की कगार पर है। ईरान और इजरायल के बीच तनाव के कारण घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने के लिए सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर रोक लगा दी है, जिसका सीधा असर इस कारोबार पर पड़ा है।

इसी समस्या को लेकर विदिशा के कैटरिंग संगठन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी परेशानी बताई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनका काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कैटरर्स के अनुसार शादी-



विवाह और अन्य सामाजिक आयोजनों की बुकिंग पहले ही हो चुकी है। सिलेंडरों की कमी के कारण इन कार्यक्रमों को संचालित करना मुश्किल हो रहा है और ग्राहक लगातार दबाव बना रहे हैं। समय पर गैस उपलब्ध न होने पर आर्थिक नुकसान होगा और व्यावसायिक साख भी प्रभावित होगी। विदिशा में लगभग 140 कैटरर्स हैं। उन्होंने बताया कि एक कैटरिंग एजेंसी से लगभग 100 से 150 लोग जुड़े होते हैं, जिनकी आजीविका इसी व्यवसाय पर निर्भर हैं।

# जन्मदिन पर 15 लोगों ने एक साथ किया रक्तदान

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता कांस्बा ने एक नई पहल करते हुए अपने जन्मदिन पर ब्लड सेंटर जिला चिकित्सालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन कर अपना जन्मदिन मनाया। जिसमें परिवार, स्नेही जनों एवं सहकार्यकर्ता ने 15 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें मुख्य रूप से सुभाष कस्बा, संजय, महिपाल, चंदन, मोहित, राजा, अनुज, श्याम, संतोष, महेंद्र, रविंद्र, राहुल सहित अन्य लोगों ने रक्तदान में भाग लिया। ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुशवाह ने सभी को प्रशंसा पत्र देकर आभार व्यक्त किया।

### जन-जागरूकता रैली का आयोजन आज

**विदिशा।** विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में आज सुबह 9 बजे से जिला चिकित्सालय नीमताल चौराहा तक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसका उद्देश्य क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करना है।

# छात्रावास में पानी की किल्लत से जूझ रहे छात्र-गंदगी से हालात खराब, समाधान की मांग लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

हरिपुरा स्थित सीनियर बालक छात्रावास के छात्रों ने पानी की गंभीर समस्या और खराब सफाई व्यवस्था को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने जल्द समाधान की मांग की है।

छात्रों ने बताया कि हाल ही में कराया गया नया बोरवेल कम गहराई के कारण सूख गया है, जिससे पानी की आपूर्ति बंद हो गई है। इससे छात्रावास में पेयजल संकट और गहरा गया है। छात्रों का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही के चलते पुराने बोरवेल को भी बंद कर दिया गया



है, जिससे स्थिति और खराब हो गई है। दोनों स्रोत बंद होने से छात्रों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### एक महीने से पानी की किल्लत

छात्र विक्रम अहिरवार ने बताया कि पिछले एक महीने से छात्रावास में पानी की भारी कमी बनी हुई है। उन्होंने मांग की कि पुराने बोरवेल का गहरीकरण कर उसे फिर से चालू किया जाए, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। छात्र लोकेश ने बताया कि पानी की कमी के साथ-साथ छात्रावास में सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह ठप है। गंदगी बढ़ने से छात्रों को रहने में परेशानी हो रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पानी की उचित व्यवस्था की जाए और सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाए, ताकि छात्रावास में रहने वाले छात्रों को राहत मिल सके।

### सरसों भावांतर योजना 1 अप्रैल से लागू पहले होगा सत्यापन

**विदिशा।** सरसों फसल पर लागू भावांतर योजना की तिथि बढ़ाकर अब 1 अप्रैल 2026 कर दी गई है। पहले यह 23 मार्च से शुरू होना थी, लेकिन शासन ने पंजीकृत किसानों के गहन सत्यापन के लिए समय बढ़ाया है। राज्य स्तरीय समीक्षा में कुछ जिलों में अधिक पंजीयन पर संदेह जताया गया था। इसके चलते डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं भू-अभिलेखों के आधार पर जांच की जाएगी। अधिकारियों को 31 मार्च तक सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि योजना का लाभ केवल पात्र किसानों को ही मिल सके।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई, विजय दीक्षित बने संयोजक

### शोभायात्रा में भगवान के 10 अवतारों की झांकियां शामिल रहेगी

**20 अप्रैल को शाम 4 बजे पेढ़ी चौराहे से निकाली जाएगी शोभायात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार शाम 4 बजे पेढ़ी चौराह स्थित भगवान परशुराम चौक के हनुमान मंदिर में ब्राह्मण महापंचायत एवं परशुराम सेवा दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ बृजमोहन शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ट्रस्ट अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण दंडोतिया उपस्थित रहे। इस दौरान मनमोहन शर्मा, ओमप्रकाश चतुर्वेदी, दीपक तिवारी, संजय चतुर्वेदी और मनोज चतुर्वेदी सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे। परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय संयोजक पंडित संतोष शर्मा सागर ने बताया कि 20 अप्रैल को शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा पीढ़ी चौराहे से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सावरकर बाल विहार पहुंचेगी, जहां धर्मसभा आयोजित होगी। शोभायात्रा में भगवान के दस अवतारों की झांकियां, सप्तऋषियों के विग्रह एवं भगवान परशुराम की आकर्षक प्रतिमा शामिल रहेगी। बैठक में सर्वसम्मति से विजय दीक्षित को जन्मोत्सव का संयोजक नियुक्त किया गया। युवा वर्ग ने इस आयोजन को "स्वाभिमान दिवस" के रूप में मनाने और महिला सहभागिता बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी

# कांग्रेसियों ने शहीदों के बलिदान को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहीद दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहीद ज्योति स्तंभ पहुंचकर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सहित देश के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

शहीद दिवस के अवसर पर विदिशा में शहीद ज्योति स्तंभ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान सभी ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। हर साल



23 मार्च को क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को याद किया जाता है, जिन्हें अंग्रेजों ने इसी दिन फांसी दी थी। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही। जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने भगत सिंह के जीवन का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने अंग्रेजों के सामने कभी झुकना स्वीकार नहीं किया।

### माफी पत्र का विरोध किया

उन्होंने कहा कि जब भगत सिंह के पिता ने अंग्रेजों को माफी पत्र दिया, तब भगत सिंह ने इसका विरोध किया और माफी मांगने से इनकार कर दिया। मोहित रघुवंशी ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें हमेशा देश के प्रति समर्पण और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से अपील की कि पार्टी की विचारधाराओं से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। इस मौके पर सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहीदों के आदर्शों पर चलने और देश की एकता, अखंडता व विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार, सेवा दल प्रमुख रामराज दांगी और नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-5670
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7730
चना
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-5585
मसूर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-7850
शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-4071
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2965
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2211
उच्चतम भाव-2211
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3376
मटर
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3300
धनिया
न्यूनतम भाव-7690
उच्चतम भाव-11005
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4060
बटरी
न्यूनतम भाव-2811
उच्चतम भाव-4500
मक्का
न्यूनतम भाव-1310
उच्चतम भाव-1676

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 39866 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# बेतवा नदी के रिपटा धाट पर बगुलों के लिए भोजन की प्रचुरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



भोजन की प्रचुरता से ये बगुले इन दिनों बड़ी मौज में हैं। आमतौर पर चरते हुए पशुओं के आगे-पीछे घूमते देखा जाता है। कई बार ये भैंसों पर सवारी करते हुए भी नजर आ जाते हैं। इसकी खास वजह है कि जब पशु चरते हुए आगे बढ़ते हैं तो हलचल के कारण घास में छिपे टिड्डे और दूसरे कीट पतंगे बचने के लिए छिपी हुई घास से निकलते हैं और बगुलों का भोजन बन जाते हैं। इनकी इसी आदत के कारण बगुलों का वर्गीकरण करते समय इन्हें आम भाषा में पशु बगुला भी कहा जाता है। आजकल बड़े बड़े जलाशय डेमो से निकली नहरों से नदी छोटे छोटे नालों और पोखरों में भरपूर पानी है। लिहाजा उनके आसपास कीट-पतंगों की भी कमी नहीं होती है। इन स्थानों पर जायका बदलने के लिए मछलियों और केंकड़ों की भी प्रचुरता मिल जाती है है। यही वजह है कि बगुलों के ऐसे बड़े-बड़े झुण्ड जलस्त्रोतों पर नजर आ रहे हैं। उक्त चित्र बेतवा नदी के रिपटा घाट का है।

**विवरण : नितिन यादव,**
**छाया: राजा छारी**

# राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का करेंगी प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राज्य स्तरीय शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी खेल प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 26 मार्च तक शासकीय स्व. कन्या स्ना. उत्कृष्ट महाविद्यालय सागर द्वारा किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति एवं डॉ. अपेक्षा बाजपेई शतरंज विद्या में सहभागिता करेंगे। डॉ अनामिका द्वारा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं डॉ अपेक्षा द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया था। महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी भी उक्त प्रतियोगिता में टेबल टेनिस विधा में सहभागिता करेंगी। जिन्होंने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में इस विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उक्त उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्राओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### सिर मुंड़वाकर चौथे दिन पहुंचा अंबानगर पुलिस चौकी, बताई हकीकत

# शादी का रिश्ता तय होने से खुश नहीं था नौशाद, हो गया था लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को तिरंगा चौक ग्रीन वैली कॉलोनी निवासी नौशाद खान नामक युवक रिपटा घाट पर नहाने गया था जो वापस नहीं लौटा। नौशाद एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करता था। वह प्रतिदिन सुबह घर से निकलता और शाम को अपने घर लौट आता था। लेकिन 19 मार्च को घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने दोस्तों, रिश्तेदारों के यहां नौशाद की तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके बाद देहात थाना पुलिस, एसडीआरएफ टीम गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन चलाकर तीन दिन से खोजबीन कर रही थी। लेकिन तीन दिनों की खोजबीन के बाद युवक का कुछ अता पता नहीं चल सका था। देहात थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने बेतवा नदी के रिपटा घाट पर जब सर्च अभियान चला रही थी। इस दौरान टीम को युवक की बाइक, मोबाइल, कपड़े और जूते मिले थे। पुलिस द्वारा युवक की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी साधनों की मदद ली जा रही थी। लेकिन युवक का कोई सुराग न मिलने से पुलिस हैरान थी। सोमवार को लापता युवक नौशाद अंबानगर पुलिस चौकी अपना सिर मुंडवाकर पहुंचा। चौकी पहुंचने के बाद उसने अपने बारे में जानकारी





दी। इसके बाद परिजन और देहात थाना पुलिस 108 एम्बूलेंस की मदद से उसे लेकर देहात थाना पहुंचे। वहां युवक बोलने की स्थिति में नहीं था और किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे रहा था। देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि लापता युवक की तीन दिनों से नदी में तलाश की जा रही थी। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि युवक अपनी तय शादी से नाखुश था, जिसके चलते वह बेतवा नदी के रिपटा घाट पर सामान छोड़कर लापता हो गया था। युवक के भाई खालिद ने बताया कि नौशाद की मानसिक स्थिति ठीक होने पर पूरी सच्चाई सामने आ पाएगी।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को ग्राम पंचायत हथोड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए पौधारोपण, जैव विविधता और वन प्रबंधन के महत्व को उजागर करना, जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन का महत्व , मध्यस्थता, लोक अदालत, भरण पोषण शासन की अन्य कल्याणकारी योजना, निशुल्क विधिक सहायता के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया गया। शिविर में अधिवक्ता राजेश सक्सैना, पीएलव्ही. सुनील राजपूत, पीएलव्ही कुंवर हेमराज सिंह सोलंकी, पीएलव्ही आरती कुशवाह, पीएलव्ही अंजलि विश्वकर्मा, डिप्टी रेंजर लक्ष्मी प्रसाद पंथी, एएसआई राजेंद्र शर्मा, पटवारी अनिल शर्मा, सचिव एकता ठाकुर, सहायक सचिव दीपक पटेल, राघवेन्द्र रघुवंशी, साहिल सेन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मन्नत पूरी होने पर मीलवाली माता को चढ़ाई चुनरी, भक्ति में झूमे श्रद्धालु



**गंजबासौदा।** नगर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सोमवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने मिला। नवदुर्गा महोत्सव के बीच चक स्वरूप नगर वार्ड 13 निवासी दिलीप वंशकार ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर मीलवाली माता के दरबार में पहुंचकर चुनरी चढ़ाई और माता रानी का विशेष श्रृंगार किया। वह अपने पूरे परिवार और मोहल्ले के लोगों के साथ पैदल ही माता मंदिर पहुंचे। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और जय माता दी के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस दौरान घर की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पिंड भरते हुए माता रानी की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। माता को चुनरी, नारियल, फल-फूल एवं श्रृंगार सामग्री अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की गई। मंदिर परिसर में भी नवरात्रि के चलते विशेष सजावट की गई है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जहां मोहल्ले के लोग एक साथ शामिल होकर भक्ति में लीन नजर आए।

## जहां संत दिखाई देते हैं वहीं त्यौहार दिखाई देते हैं : कृष्णा मां

**गंजबासौदा।** नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा रजत जयंती समारोह के तहत कृष्णा मां की रस मयी वाणी से सप्त दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का आयोजन चल रहा है। कृष्णा मां ने अनेक कथाओं और दृष्टांगों के साथ कहां कि सुहागन महिलाएं अपनी मांग में सिंदूर क्यों भरती है। इसके बाद को बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान शंकर जी के सौलह श्रृंगार को सौलह संस्कार बन गए और माता पार्वती के सोलह श्रृंगार महिलाओं के श्रंगार के रूप में दे। महिलाएं मांग क्यों भरती हैं, इसका महत्त्व बताते हुए कहा कि एक बार राम दरबार में हनुमान जी ने राम जी से पूछा कि प्रभु आप माता सीता से इतना प्रेम क्यों करते हैं। इस पर भगवान श्री राम ने कहा कि सीता मांग भारती है, वह मुझे अच्छा लगता है। कुछ देर बाद हनुमान जी ने पूरे शरीर में सिंदूर लगाकर दरबार में आ गए। और फिर भगवान श्री राम से बोले की प्रभु अब आप मुझसे कितना प्रेम करेंगे। इसी तरह उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति हमेशा रघुनाथ का स्मरण करता है। तो रघुनाथ भी उसे हर घटना दुर्घटनाओं से बाल बाल बचाता है। इसलिए हमेशा परमात्मा से जुड़े रहना चाहिए।

# छोटे दुकानदार से थोक व्यापारी बने दिलीप की पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

छिंदवाड़ा के दिलीप निमदे, जो बिना मोबाइल, बिना पक्के रास्ते की जानकारी और बिना किसी सुविधा के केवल खाटू श्याम बाबा का नाम लेकर पैदल खाटू धाम की ओर बढ़ रहे हैं। नगर में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को उनको धूमधाम के साथ श्याम भक्तों ने आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। दिलीप ने बताया कि जब वे घर से निकले थे, तब उन्हें यह भी नहीं पता था कि खाटू श्याम तक कैसे पहुंचेंगे, लेकिन विश्वास था कि जब बाबा ने बुलाया है तो वही रास्ता भी दिखाएंगे।

दिलीप की कहानी संघर्ष से शुरू होकर श्रद्धा और फिर सफलता तक पहुंचती है। अपने संघर्ष की कहानी बताते हुए वह भावुक हो जाते हैं और कहते हैं कि आज संघर्ष हार गया और श्रद्धा जीत गई। कुछ साल पहले तक वे सड़क किनारे मसालों की छोटी सी दुकान लगाकर परिवार का गुजारा करते थे। सीमित आमदनी और जिम्मेदारियों के बीच जीवन कठिन था। इसी बीच करीब पांच साल पहले वे एक श्याम कीर्तन में पहुंचे और यहीं से उनकी जिंदगी ने करवट ले ली। जिसके बाद उनके भीतर भक्ति की ऐसी भावना जागी कि उन्होंने हर काम




बाबा को समर्पित कर दिया। लंबे समय तक बिना तस्वीर के ही वे बाबा का स्मरण करते रहे। धीरे-धीरे हालात बदले, मेहनत रंग लाई और छोटा व्यवसाय बढ़ते-बढ़ते आज थोक व्यापार में बदल गया है। श्याम बाबा की कृपा, मेहनत और और कर्म ने उसे सड़क से उठाकर दुकान पर बैठा दिया हैं, जिसे आज उनका वह इकलौता बेटा संभाल रहा है जो गुजरात 20 हजार की नौकरी करने जा रहा था लेकिन जब उसे बाबा की कृपा का हवाला दिया तो वह मान गया और हम दोनों की मेहनत से आज सफल व्यापारी हैं और इस परिवर्तन का श्रेय केवल श्याम बाबा की कृपा को देते हैं। यात्रा के दौरान करेली क्षेत्र में एक श्याम भक्त ने उन्हें पैदल मार्ग का एक साधारण नक्शा दिया, जिसे अपने साथ रखकर वे आगे बढ़ रहे हैं। नगर में प्रवेश पर श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई।

इस दौरान आशीष अरोरा, विक्की, राहुल शर्मा, नीलेश रघुवंशी, इंद्राज सिंह, होशियार सिंह, दिलीप दांगी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। नगर के श्याम भक्तों के साथ खाटू श्याम मंदिर पहुंचे दिलीप का मंदिर के संस्थापक पंडित वीरेंद्र दुबे ने हार फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और निशान की पूजा कर उन्हें आगे की यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई



**गंजबासौदा।** सोमवार को दोपहर के समय बासौदा-सिरोंज मार्ग पर अंबानगर टोल नाका के पास कार क्रमांक एमपी 13 सीडी0181 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के दौरान कार में सवार चार लोग घायल हो गए। जिन्हें 108 की मदद से उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय लाया गया जहां उपचार जारी है।

### कोरोना में धन नहीं, संतों का संग और भक्ति ही जीवन का सच्चा धन दिखा

# सच्चा सुख केवल भगवान के भक्तों, संतों के संग में है: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जब भगवान किसी पर विशेष कृपा करते हैं, तभी उसे सत्संग का अवसर प्राप्त होता है। साधु संगति ही जीवन को सार्थक बनाती है। धन, पद, प्रतिष्ठा और वैभव जीवन में मिल सकते हैं, लेकिन ये सब क्षणिक हैं और इनका अंत निश्चित है। संसार में बहुत कुछ प्राप्त किया जा सकता है धन, वैभव, यश, प्रतिष्ठा लेकिन यदि जीवन में भक्ति नहीं है, तो यह सब अधूरा है। भक्ति ही जीवन को पूर्णता प्रदान करती है और आत्मा को परम शांति देती है।

उक्त उद्गगार सोमवार को वेत्रवती तट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान जगन्नाथ एवं प्रभु सीताराम के द्वितीय पाटोत्सव के मौके पर आयोजित हो रही श्री भक्तमाल कथा के तृतीय दिवस पर वृंदावन से पधारे भागवताचार्य ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने अपने श्रीमुख से अमृतमयी वाणी प्रवाहित करते हुए भक्तमाल की महिमा का वर्णन करते हुए





व्यक्त किए। कृष्णा माँ सोमवार को नौलखी आश्रम पहुंची और वहां उन्होंने भगवान के दर्शन कर महंत राम मनोहर दास महाराज से आध्यात्मिक चर्चा की। आश्रम की ओर से कृष्णा माँ का सम्मान किया गया। सोमवार को यजमान रघुवीर सिंह रघुवंशी, भानु सिंह ठाकुर ने सपत्नी शिवार्चन में भाग लिया।

कथा सुनाते हुए डॉ. शास्त्री ने कहा कि भक्तमाल कथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन में उतारने के लिए है। जब हम इन शिक्षाओं को अपने आचरण में लाते हैं, तभी इसका वास्तविक फल प्राप्त होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मनुष्य जितना अधिक धन कमाता है, उसकी इच्छाएं उतनी ही बढ़ती जाती हैं, लेकिन सच्चा सुख केवल भगवान के भक्तों और संतों के संग में ही मिलता है। कोरोना काल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय धन और संसाधन भी कई लोगों के काम नहीं आए, जिससे स्पष्ट होता है कि सांसारिक साधन सीमित हैं। कथा के दौरान यह भी बताया गया कि धन, विद्या और शारीरिक शक्ति से बहुत कुछ पाया जा सकता है, लेकिन सत्संग इन सब से परे है। यह न तो कर्म से प्राप्त होता है और न ही प्रयास से, बल्कि यह केवल भगवान की कृपा से ही संभव है। गोस्वामी तुलसीदास के भावों का उल्लेख करते हुए कथा व्यास डॉ. शास्त्री ने कहा ने कहा कि यदि भगवान हमारी पात्रता देखने लगें, तो शायद हम सत्संग के योग्य ही न रहें, इसलिए तुलसीदास प्रभु से विनय करते हैं कि हमारी कमी न देखें, बल्कि अपनी कृपा से हमें संतों की संगति प्रदान करें।

कथा व्यास ने भावुक शब्दों में कहा कि हे प्रभु, हमारी पात्रता मत देखो, हम तो दीन हैं, निर्बल हैं। यदि आपकी कृपा होगी, तभी हमें सत्संग का सौभाग्य मिलेगा। इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भक्तमाल और तुलसीदास की वाणी दोनों ही हमें यह सिखाती हैं कि भक्ति का मार्ग सरल है, लेकिन उसमें निरंतरता और समर्पण आवश्यक है। संतों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर ही मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान ठाकुर, संत शिरोमणि नाभादास एवं संत परंपरा को प्रणाम कर की गई। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने भक्तिमय वातावरण में कथा का रसास्वादन किया।

# चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भोपाल से आई ब्रह्माकुमारी कौस्तुभमणि बहन ने मातृशक्ति की महिमा करते हुए कहा कि भगवान ने वंदे मातरम का नारा दिया। भगवान ने भी मातृशक्ति को आगे रखा और मातृ शक्ति ने आगे आकर इस समाज को संबल दिया, सहारा दिया है। यह वह समय नहीं है जो हम कहानियों में सुनते हैं की रक्तबीज था और उसकी जितनी रक्त की बूंदे गिरती थी उतने असुर पैदा हो जाते थे। लेकिन आज हम देखें की कितने रक्त बीज पैदा हो चुके हैं जो नारी के प्रति कुदृष्टि रखते हैं, समाज को नुकसान पहुंचाते हैं। काम क्रोध आदि विकारों का बीज सभी के अंदर उत्पन्न हो चुका है।

अब समय है कि परिस्थिति कैसी भी हो लेकिन हमें अपनी मानसिक स्थिति को अच्छा रखकर पवित्रता के बल से इन विकारों के बीज को समाप्त करना है। तभी यह दुनिया दैवीय दुनिया बन सकेगी। जब-जब विश्व में आसुरी वृत्तियों का प्रादुर्भाव बढ़ता है तब परमपिता भगवान शिव की शक्ति के रूप में एक भव्य दैवी शक्ति प्रकट होती है। आज हम सब देखते हैं कि समाज में नैतिक पतन की ओर तेजी से वृद्धि हो रही है ऐसे धर्म ग्लानि के कठिन समय में स्वयं सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा शिव की इस धारा पर अवतारित चरित्र नारी को शक्ति स्वरूप एक मूल्य समाज निरपेक्षता की स्थापना करते हैं और कलयुगी पतित मनुष्य को देवतुल्य गुणवान बनाते हैं। दैवीय सृष्टि परिवर्तन के कार्य में नारी शक्ति को आगे रखा जाता है इसलिए ही शिव के साथ शक्ति का गायन होता है। वर्तमान समय में यह वेला चल रही है परमात्मा स्वयं अवतरित होकर गीता में वर्णित राजयोग की शिक्षा से भारत को स्वर्ग बना रहे है। नारी अबला नहीं सबला है। शक्ति स्वरूपा है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हैं कहां की जितना हम मन से साइलेंस में रहते हैं, उतने अधिक चमत्कार होते हैं। आपसी प्रेम और सम्मान के साथ शांति से नेतृत्व करना ही सच्चा मार्ग है। अंत में उन्होंने सभी को नवरात्रि की बधाई दी।

## भीषण गर्मी में बालिकाओं को वैक्सीनेशन न लगने की बात कहकर वापस लौटाया

# 100 से ज्यादा वैक्सीनेशन का टारगेट, लेकिन 22 बालिकाओं का ही हो पाया वैक्सीनेशन

### सर्विकल केंसर से बेटियों का जीवन बचाने में स्थानीय प्रशासन नहीं ले रहा रूची!

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरोंज

सर्विकल केंसर से बेटियों का जीवन बचाने के लिए शासन द्वारा नया विकल्प एचपीवी का टीका सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है। एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी एंव 15वां वर्ष पूर्ण नही की उन बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे बालिकाओं के वैक्सीनेशन के लिए शासन काफी गंभीर है इसको लेकर कलेक्टर विदिशा द्वारा स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश दिए थें। लेकिन कलेक्टर के इन आदेशो को स्थानीय स्तर पर मजाक उडाया गया। सोमवार को सिरोंज में वैक्सीनेशन के लिए जब बालिकाएं पुराना अस्पताल में पहुची तों उन्हें पुराना अस्पताल में यह बोल दिया गया कि यहा आपका वैक्सीनेशन नही होगा।

इस भीषण गर्मी में नगर के पुराना अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियो से बालिकाओं ने कहा कि हमें एचपीवी टीकाकरण कराना है हमें जहां टीकाकरण के लिए राजीव गांधी चिकित्सालय भेंज दो। जिस पर वहा पदस्थ कर्मचारियो ने बालिकाओं को मना करते हुए कहा कि हमारे पास आपको टीकाकरण के लिए बडें अस्पताल भेंजने की कोई व्यवस्था नही है। जिस पर बालिकाएं काफी परेशान होकर घण्टों बैठकर वापस लौट गई। वही एक दो छात्राएं अपने निजी वाहनों से शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय पहुची। जबकि शिक्षा विभाग के व्हॉटएप ग्रुप पर यह सूचना जारी की गई थी कि नगर के कहारा बाजार स्थित पुराने अस्पताल में वैक्सीनेशन के लिए सेंटर बनाया गया वहा जाकर वैश्सीनेशन कराए।



### 100 से ज्यादा बालिकाओं का वैक्सीनेशन का था टारगेट

सोमवार को शिक्षा विभाग द्वारा व्हॉटएप ग्रुप के माध्यम से नगर के अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो को सूचना दी गई थी कि स्कूल में अध्ययनरत 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी एंव 15वां वर्ष पूर्ण नही की उन बालिकाओं का टीकाकरण पुराना अर्स्पताल काला बाजार में किया जाएगा। सूचना मिलने पर कई बालिकाएं अपना वैक्सीनेशन कराने के लिए पुराना अस्पताल पहुची। लेकिन वहा किसी भी बालिका का वैक्सीनेशन नही हो पाया। बालिकाओं ने जब अस्पताल में मौजूद कर्मचारियो से वैक्सीनेशन की बात कही तो कर्मचारियो ने बालिकाओं को बडें अस्पताल जाने को कहा। लेकिन अधिकांश बालिकाएं जिनके पास साधन न होने के कारण वह वापस घर लौट गई। वही कुछ बालिकाएं जैसे तैसे शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय पहुची तो वहा भी उनका वैक्सीनेशन नही हो पाया। जैसे ही बालिकाएं राजीव गांधी चिकित्सालय पहुची तो वहा मौजूद स्टॉफ ने बालिकाओं से कहा कि अभी अस्पताल में लंच टाइम चल रहा है। इसलिए आप कल आना यह सुनते ही बालिकाएं निराश होकर वापस लौट गई। वही सोचने वाले बात यह है कि जब पुराना अस्पताल में वैक्सीनेशन के लिए सेंटर बना ही नही था तो आखिर बालिकाओं को अस्पताल में जाने की बात क्यो कही। इसी के साथ जो 100 से ज्यादा बालिकाओं का वैक्सीनेशन करने का टारगेट लिए गया था वह भी फैल हुआ और ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में सिर्फ 22 बालिकाओं का ही टीकाकरण हो पाया।

### आखिर वैक्सीनेशन में लिए कैसे जाए बालिकाएं

मार्च माह समाप्त होने को है और गर्मी ने भी अपना विशाल रूप दिखाना चालू कर दिया है। इसी के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी एंव 15वां वर्ष पूर्ण नही की बालिकाओं का वैक्सीनेशन के लिए सेंटर नगर के दो किलो मीटर दूर शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में बनाया गया। जिस कारण अधिकांश बालिकाएं दूरी अधिक होने के कारण ही वैक्सीनेशन के लिए पहुच ही नही पा रही है। सोमवार को जैसे ही बालिकाओं को जानकारी लगी कि वैक्सीनेशन के लिए पुराना अस्पताल में सेंटर बना दिया गया है तो बडी संख्या में बालिकाएं पुराना अस्पताल पहुचें लेकिन वहा किसी प्रकार का कोई वैक्सीनेशन न होने से मजबूरन इस भीषण गर्मी में बालिकाओं को निराश होकर ही वापस लौटना पडा।

### वैक्सीनेशन को लेकर बीएमओ बोले

जब हरिभूमि ने वैक्सीनेशन को लेकर बीएमओ डॉ नीरज पंथी से चर्चा की तो उन्होने बताया कि प्रत्येक दिन का वैक्सीनेशन का 100 का टारगेट है। सोमवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो को मिलाकर 22 बालिकाओं का टीकाकरण हुआ है। सिरोंज के कहारा बाजार स्थित पुराने अस्पताल में बालिकाओं के वैक्सीनेशन के लिए कोई सेंटर नही बनाया गया है। सर्विकल केंसर से बेटियों का जीवन बचाने के लिए एचपीवी का टीकाकरण के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में वैक्सीनेशन किया जा रहा है। वही जब बीएमओ से बालिकाओं के लिए वैक्सीनेशन कराने के लिए अस्पताल तक पहुचनें की सुविधा की बात कही तो उन्होने कहा कि हमारे पास ऐसी कोई सुविधा नही है जिससे कि बालिकाओं के लिए अस्पताल तक लाया जाए।

### एसडीएम बोले

एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर जब हरिभूमि ने हरिशंकर विश्वकर्मा से बात की तो उन्होने कहा कि बालिकाओं के वैक्सीनेशन को लेकर प्रशासन काफी गंभीर है। सोमवार बालिकाओं का वैक्सीनेशन पुराना अस्पताल में क्यो नहीं हो पाया है इसके लिए मैं बीएमओ से चर्चा करता हूं। साथ ही पुराना अस्पताल में वैक्सीनेशन सेंटर व बालिकाओं के आने जाने की सुविधा के लिए प्रयास करता हूं।

## भजनों के साथ हुआ भव्य जागरण

# 'मेरे राम आएंगे' भजन पर झूम उठा महामाई परिसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरोंज

रविवार देर शाम महामाई मेले में भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला, जब देश की प्रसिद्ध भजन गायिका स्वास्ति मेहुल ने अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से पूरे परिसर को भक्तिमय कर दिया। उनके भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा परिसर भक्ति रस में डूब गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मां महामाई की विधिवत पूजा-अर्चना एवं क्षेत्र के पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा ने समिति के सदस्यों के साथ मिलकर स्वास्ति मेहुल एवं उनकी टीम का भव्यता के साथ स्वागत किया। जिसमें विधायक श्री शर्मा ने उपस्थित जन समूदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आस्था और भक्ति का संगम है। आज महामाई परिसर में जो भव्यता और भक्ति का वातावरण दिखाई दे रहा है, उसका श्रेय स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा को जाता है, जिन्होंने इस परंपरा को मजबूत आधार दिया। कार्यक्रम के दौरान जब स्वास्ति मेहुल ने ह्लमेरे राम आएंगेह्व भजन प्रस्तुत किया, तो श्रद्धालु अपने स्थानों से उठकर झूमने और नृत्य करने लगे। पूरे परिसर में भक्ति और उल्लास का अनोखा दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए, विशेष रूप से सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता पर आधारित भजन ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा स्वयं सुदामा का रूप धारण कर मंच पर पहुंचे, जिससे कार्यक्रम का आकर्षण और बढ़ गया तथा उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो उठा। जागरण कार्यक्रम रात्रि लगभग 10:30 बजे प्रारंभ होकर देर रात 12:30 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें स्वास्ति मेहुल ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि सिरोंज आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। यहां के विधायक उमाकांत शर्मा धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पित हैं तथा उन्होंने लोगों को एकजुट रखने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर महामाई सेवा समिति के पदाधिकारी, सदस्य, जनप्रतिनिधि, के साथ बड़ी संख्या मे जनसमुदाय उपस्थित रहा।

### आज होगी श्रीकृष्णायन की संगीतमयी प्रस्तुति

महामाई महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में आज श्रीकृष्णायन के अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण एवं मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक झलकियों पर आधारित संगीतमयी प्रस्तुति कलाकार मोहित शेरवानी एवं उनकी टीम द्वारा दी जाएगी,इसके साथ ही मेले में प्रतिदिन रामलीला एवं रासलीला का मंचन भी किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि महापर्व के चलते बड़ी संख्या में भक्तगण माता महामाई के दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

**प्याऊ का शुभारंभ** : सागर। कलेक्टर संदीप जी आर की अपील से प्रेरित होकर सतगुरु कबीर मंदिर न्यास काकागंज एवं श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति के विशेष सहयोग से निशुल्क प्याऊ का उद्घाटन कबीर मंदिर के महंत श्री पूरन दास साहेब के द्वारा किया गया।

### नवीन एसडीएम कार्यालय में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने सुनी नागरिको की समस्याएं



**सिरोंज।** एसडीएम कार्यालय राजस्व का सोमवार को नवीन कार्यालय भवन में स्थापित किया गया। नवीन भवन के प्रथम दिन एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा सुनवाई की और नागरिको की समस्याओं का निराकरण किया। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि के अवसर पर विधि विधान पूर्वक एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,तहसीलदार संजय चौरसिया ने पूजा अर्चना की। पूर्व में यह एसडीएम कार्यालय,तहसील कार्यालय,रजिस्ट्रार कार्यालय,कोषालय,निर्वाचन शाखा आदि कार्यालय तहसील कार्यालय में संचालित होते थें। वही जगह कम होने के कारण आम नागरिको व अधिकारियो को काफी परेशानियो का सामना करना पडता था। लेकिन अब एसडीएम कार्यालय नवीन भवन में पहुचनें से तहसील कार्यालय में होने वाली जगह की समस्याओं से निजात मिलेगी।

### पं संजय मेहता को मिलेगा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का बीएम शाह सम्मान

**सिरोंज।** सिरोंज सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ मंहत व वरिष्ठ रंगकर्मी पं संजय मेहता को यूपी सरकार द्वारा राष्ट्रीय सम्मान बीएम शाह दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा हर वर्ष राष्ट्रीय सम्मान बीएम शाह सम्मान दिया जाता है। 2024 के बीएम शाह सम्मान हेतु संजय मेहता को चुना गया है जो इसी वर्ष 2026 में गवर्नर द्वारा दिया जाएगा। यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहे रंगकर्मी को दिया जाता है। संजय मेहता ने रंगमंडल भारत भवन में 17 वर्ष अभिनेता के रूप में काम किया है वर्तमान में रंगशीर्ष संस्था के साथ कार्य कर रहे हैं।

## विधायक निधि से सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विकास को मिलेगी रफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा


सोमवार को विधायक निधि से वार्ड 14 और 16 की दो सड़कों का भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्रमांक 16 में पेढ़ी चौराहा से कार्तिक चौक होते हुए धर्म अधिकारी चौक तक डामरीकरण सड़क का निर्माण 6 लाख 65 हजार की लागत से किया जाएगा। वहीं वार्ड क्रमांक 14 एवं 16 में बजरिया चौक से इमामबाड़ा तक सड़क डामरीकरण कार्य 10 लाख 64 हजार की लागत से किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन किया। विधायक मुकेश टंडन ने संबोधित करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया और कहा कि सड़क निर्माण से पहले धूल साफ कर उचित तरीके से कार्य किया जाए।

उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे निर्माण कार्यों की निगरानी करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही की शिकायत करें। नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने कहा कि इन सड़कों के बनने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## विश्व जल दिवस पर एसएटीआई में हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा




एसएटीआई के अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. के.के. पंजाबी ने अपने उद्बोधन में जल के महत्व को सरल और दार्शनिक शैली में समझाते हुए कहा कि "जल को बचाना ही जल को बनाने के बराबर है।" उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति जल से हुई है और आज भी मानव जीवन में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रो. पंजाबी ने बढ़ती जनसंख्या के साथ जल की बढ़ती मांग पर चिंता व्यक्त करते हुए ड्रिप सिंचाई, वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग जैसे उपायों को अपनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने जल की प्रत्येक बूंद के महत्व पर जोर देते हुए प्रेरक पंक्तियों के साथ अपने विचार समाप्त किए। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व जल दिवस की शुरुआत 1993 में की गई थी। इस वर्ष की थीम "जल एवं लैंगिक समानता" है, जिसका उद्देश्य जल प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना है। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा जल परीक्षण का प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया गया। अंत में डॉ. स्वाति दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**विदिशा।** देश के वीर सपूत, शेर-ए-हिंद हेमू कालाणी के 103वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय सिंधु सभा (मुख्य, युवा एवं महिला शाखा) तथा पूज्य सिंधी पंचायत, विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मनोज पंजवानी ने हेमू कालाणी के जीवन, देशभक्ति और उनके अद्वितीय बलिदान पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनों ने उनके साहस और राष्ट्रप्रेम को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी ने देश की एकता, अखंडता और रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं युवा साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने देशभक्ति के साथ अमर शहीद को नमन किया।

### विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

## विशेषज्ञों ने कहा: समय पर पहचान व सहयोग से बेहतर हो सकता है जीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर आईएपी विदिशा एवं मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पुराने जिला अस्पताल स्थित उम्मीद शिक्षण संस्थान में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने डाउन सिंड्रोम के कारण, लक्षण, पहचान और प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य वक्ता डॉ. एमके जैन ने बताया कि 35 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में जन्मे बच्चों में डाउन सिंड्रोम की संभावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि यह गुणसूत्र 21 की अतिरिक्त प्रति (ट्राइसोमी 21) के कारण होने वाली एक आनुवंशिक स्थिति है। डॉ. नीति अग्रवाल ने बताया कि 21 मार्च (21/3) इस बीमारी के जेनेटिक कारण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समय पर स्क्रीनिंग, जांच और प्रारंभिक हस्तक्षेप से बच्चों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाई जा सकती है। डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने समाज में जागरूकता और स्वीकार्यता बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं डॉ. संजय अग्रवाल और डॉ. रणजीत मिश्रा ने बताया कि नियमित जांच, थेरेपी और विशेष शिक्षा से बच्चों के विकास में सुधार संभव है। कार्यक्रम में बच्चों को पेंटिंग सामग्री वितरित की गई और समावेशी समाज बनाने का संदेश दिया गया।

### किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी

**विदिशा।** भारत सरकार के निर्देशानुसार 28 फरवरी से देशभर में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीन का निःशुल्क टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ राजस्थान के अजमेर जिले से किया गया था, जिसके बाद अब विदिशा जिले में भी चयनित शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों पर लगातार टीकाकरण किया जा रहा है। निजी अस्पतालों में इस वैक्सीन की कीमत लगभग 4000 से 5000 रुपए तक है, जबकि सरकारी संस्थानों में यह पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे घातक कैंसर माना जाता है। वर्ष 2023 के शोध अनुसार, विश्व में प्रति एक लाख महिलाओं में 199 तथा मध्यप्रदेश में 165 महिलाओं के प्रभावित होने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि पात्र किशोरियों को समय पर एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं, ताकि भविष्य में उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

## बैठक में मार्ग, रथ, स्वागत द्वार और सामाजिक सहभागिता पर बनी सहमति

# चित्रगुप्त जयंती पर शोभायात्रा निकालने की तैयारी तेज

**बालाजी मंदिर से माधवगंज कांच मंदिर तक निकाली जाती है भव्य शोभायात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा




23 अप्रैल को भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस (चित्रगुप्त जयंती) के अवसर पर भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकालने की तैयारियां तेज हो गई हैं।

इसी सिलसिले में चित्रगुप्त मंदिर शेरपुरा में कायस्थ समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने शोभायात्रा को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। चर्चा के दौरान शोभायात्रा मार्ग, स्वागत द्वार, फ्लेक्स एवं होर्डिंग लगाने, भगवान चित्रगुप्त का विशेष रथ तैयार करने सहित रथ पर भगवान को परिवार सहित विराजमान करने पर सहमति बनी। इसके साथ ही घोड़े, बैंड-बाजे, ताशे-ढोल और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने शहर के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारी संगठनों, राजनीतिक दलों, समाजसेवियों एवं मीडिया से संपर्क कर अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की रूपरेखा भी बनाई। बैठक में उपस्थित चित्रांश बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहयोग राशि भी प्रदान की। इसके अलावा देव उठनी ग्यारस पर समाज के युवक-युवतियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने पर भी सहमति बनी।

## धर्मशास्त्रीय काल गणना पर वैदिक संगोष्ठी हुई संस्कृत व सनातन परंपरा के संवर्धन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

संस्कृत भाषा एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण के उद्देश्य से संस्कृत भारती इकाई विदिशा द्वारा धर्मशास्त्रीय काल गणना विषय पर एक भव्य वैदिक संगोष्ठी का आयोजन नागेश्वर मंदिर, इन्द्रा कॉम्प्लेक्स में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए विद्वानों, आचार्यों एवं धर्मप्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत पुष्पहार से किया गया, वहीं विद्वान वक्ताओं का पारंपरिक पगड़ी बांधकर अभिनंदन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय धर्म शास्त्रीय आधार पर काल गणना रहा, जिस पर विद्वानों ने शास्त्रीय प्रमाणों सहित विस्तार से विचार व्यक्त किए।

गंजबासौदा से पधारे केशव शास्त्री ने कहा कि भारतीय काल गणना केवल समय निर्धारण नहीं, बल्कि जीवन, धर्म और प्रकृति के साथ सामंजस्य का वैज्ञानिक माध्यम है। भोपाल से आए योगेन्द्र शास्त्री ने संस्कृत की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए इसके अध्ययन को आवश्यक बताया। शिवानन्द शास्त्री ने काल के आध्यात्मिक पक्ष को स्पष्ट करते हुए समय को ईश्वर का स्वरूप बताया।

श्रीराम केशव लोकरे शास्त्री ने पंचांग निर्माण की प्रक्रिया समझाई, वहीं सुरेन्द्र मिश्र ने काल की सूक्ष्म इकाइयों का महत्व बताया। मनोज व्यास ने पंचांग निर्माण को साधना बताते हुए युवाओं को इस दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज शिवनारायण शास्त्री ने किया तथा अध्यक्षता डॉ. जागेश्वर पटले ने की। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक जागरूकता का माध्यम बताया।

**खबर संक्षेप**

### छात्र मनोज धानक का नवोदय स्कूल में चयन

**बाड़ी।** स्थानीय शिक्षण संस्थान साईं ज्ञान मंदिर हाई स्कूल के छात्र मनोज धानक ने जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मनोज की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, मनोज धानक शुरू से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं। उनकी इस सफलता को विद्यालय के कुशल नेतृत्व और शिक्षक-शिक्षिकाओं के उचित मार्गदर्शन का परिणाम बताया है। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि छात्र की कड़ी मेहनत और शिक्षकों द्वारा समय-समय पर दिए गए विशेष दिशा-निर्देशों के चलते ही यह उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुआ है।



### नर्मदा नदी में डूबने से एक छात्र की हुई मौत

**सिलवानी।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं मेडिकल व्यवसायी सुनील कुमार जैन और सचिन कुमार जैन के छोटे भाई सीमांत कुमार जैन (नीटू) के लगभग 16 वर्षीय पुत्र आरुष जैन का रविवार देर रात पानी में डूबने से निधन हो गया। आरुष अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र और दो बहनों का एकमात्र भाई था। बताया जा रहा है कि वह परिजनो के साथ महेश्वर स्थित नर्मदा नदी में स्नान करने गया था, जहां वह गहरे पानी में चला गया। हालांकि गोताखोरो द्वारा निकाकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया। लेकिन इंदौर पहुचने से पहले ही उसकी सांसे थम गई। आरुष इंदौर में कोचिंग कर रहा था। उसके असामयिक निधन की खबर मिलते ही परिजनों और परिचितों में गहरा शोक व्याप्त हो गया।



**पीड़ितों ने मांगा प्रशासन से मुआवजा**

**दो जिलों की दमकल और किसानों ने एक घंटे बाद आग पर पाया काबू**

# शॉर्ट सर्किट से भड़की आग, 3 किसानों की 5 हेक्टेयर गेहूं फसल जलकर खाक


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

तहसील क्षेत्र के मेहगांव गांव में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने 3 किसानों की खेतों में खड़ी गेहूं फसल को पलभर में राख कर दिया। शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 5 हेक्टेयर (लगभग 13 से 15 एकड़) में गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।

आगजनी की इस घटना से पूरे मेहगांव क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण खेतों की ओर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े किसानों ने खेतों में लगी पानी की मोटर चालू कर दी, वहीं कई लोगों ने ट्रैक्टरों से खेतों के चारों ओर खंती (मेढ़) बनाकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक पूरी फसल जल चुकी थी।

इस आगजनी में मेहगांव निवासी रामबाबू बघेल, हीरेंद्र बघेल और अभिषेक बघेल की गेहूं फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार किसानों को लगभग बारह लाख रुपए की गेहूं फसल का नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही रायसेन तहसीलदार भरत सिंह मंडले राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित किसानों को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। राजस्व विभाग द्वारा पटवारी के माध्यम से फसल नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है।



#### आधे घंटे देरी से पहुंची दमकलें

ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी थी, लेकिन रायसेन और विदिशा से दमकलों को मौके तक पहुंचने में करीब आधा घंटा लग गया। सरपंच ब्रजेश बघेल और ग्रामीण बृजेंद्र बघेल, पप्पू कुशवाह का कहना है कि यदि दमकल समय पर पहुंच जाती तो नुकसान काफी हद तक कम किया जा सकता था। बाद में रायसेन की 2 और विदिशा की 2 दमकलों ने आग बुझाने में मदद की।

#### किसानों ने की मुआवजे की मांग

पीड़ित किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी और कटाई से पहले ही आग की भेंट चढ़ गई, जिससे उनकी पूरी सालभर की मेहनत बर्बाद हो गई। ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिजली लाइनों के रखरखाव पर भी सवाल उठाए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

#### निर्देश: ढीले बिजली तारों को करें जल्द दुरुस्त

जिला प्रशासन और बिजली विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर बिजली के तार ढीले लटके हुए हैं। घटना को देखते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे सभी ढीले तारों की पहचान कर उन्हें जल्द ठीक कराया जाए। बिजली विभाग को विशेष रूप से सतर्क रहने और नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

#### इनका कहना है

मेहगांव में हुई आगजनी के पीड़ित किसानों की फसल नुकसान का आंकलन करवा कर जल्द ही मुआवजे की राशि दिलाई जाएगी। खेतों से ऊपर से गुजरे हुए ढीले बिजली तारों को दुरूस्त कराने ग्रामीण बिजली कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा।

- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।



### टीएल बैठक में बोले कलेक्टर - नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने प्रभावी कार्रवाई की जाए

सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को जागरूक करने कहा। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि बिना स्ट्रॉ मेनेजमेंट के हार्वेस्टर संचालित होने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने जे फार्म एप पर सुपर सीडर, हैप्पी सीडर के पंजीयन में वृद्धि कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सीएम हेल्पलाईन, विभागीय कार्यो और योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन निराकरण में रायसेन जिले के पुनः प्रथम स्थान पर रहने पर अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जो सीएम हेल्पलाईन शेष रह गई है, उनका भी शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉन अटेन्डेन्ट ना रहे। शिकायत प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही प्रारंभ की जाए तथा पोर्टल पर जानकारी भी दर्ज कराएं। सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

**नगर में बाज़ेगाजों के साथ निकलेगी शोभायात्रा, समाज बंधु होंगे शमिल**

## कायस्थ महासभा रायसेन मनाएगा भगवान चित्रगुप्त का प्रकट उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भोपाल रोड स्थित भोईपुरा वार्ड-8 में भगवान चित्रगुप्त राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में कायस्थ महासभा जिला इकाई रायसेन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में चित्रांश परिवारों की उपस्थिति रही। सभी ने सर्वसम्मति से 23 अप्रैल को भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकट उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। संगठन के जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अप्रैल को स्वामी शिवोम तीर्थ मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान चित्रगुप्त राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए मातृशक्ति द्वारा विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सनातन धर्म प्रेमियों का सम्मान तथा स्नेहभोज का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मोहल्ला स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा।



**गैस सिलेंडर आपूर्ति में देरी से उपभोक्ता परेशान...**

## 45 दिन की देरी के खिलाफ कलेक्टर से लोगों ने की शिकायत, आंदोलन की भी दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति में हो रही देरी को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में नगर विकास समिति के बैनर तले नागरिकों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

नगर विकास समिति के संचालक विनय जैन के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि नगर की एकमात्र घरेलू गैस एजेंसीषप्रियांश इंडेन गैस द्वारा उपभोक्ताओं को सिलेंडर बुकिंग के बाद करीब 45 दिनों तक इंतजार कराया जा रहा है, जो कि नगरीय क्षेत्र के नियमों के विपरीत है।



नियमानुसार शहरों में अधिकतम 25 दिनों के भीतर गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। ज्ञापन में मांग की है कि घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति नगरीय मानकों के अनुसार अधिकतम 25 दिनों के भीतर सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**हाईवे-18 पर जाम के कारण यात्री वाहन चालक 6 घंटे तक होते रहे परेशान**

## भोपाल-विदिशा हाईवे 18 बना 'हादसों का हॉटस्पॉट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बालमपुर घाटी से लेकर कुल्हड़िया तक महज 5 किलोमीटर के दायरे में 5 दिन के अंदर 4 बड़ी दुर्घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे यह मार्ग अब 'हादसों का हॉटस्पॉट' बन गया है।

रविवार-सोमवार की देर रात विदिशा से भोपाल जा रहा भूसे से भरा आईसर ट्रक एमपी 09 जीएफ 1120 दीवानगंज के पास फॉल्कन गार्डन पूछी देहरी मार्ग के सामने हाईवे 18 पर अनियंत्रित पलट गया। जिससे रात 2 से सुबह 8 बजे तक हाईवे जाम लगने से वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन मशीन की मदद से ट्रक को हटाया, तब जाकर यातायात बहाल हुआ।



#### तीसरा हादसा : ट्रक ने ट्रांसफार्मर में मारी टक्कर, टला हादसा

क्षेत्र में तीसरी सड़क दुर्घटनों सोमवार दोपहर करीब 2 बजे फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब भोपाल से मंडीदीप जा रहा ट्रक (एमएच 18 बीए 6100) रिवर्स लेते समय बिजली के ट्रांसफार्मर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया। गनीमत रही कि करंट नहीं फैला। ट्रक में चालक के साथ दो छोटे बच्चे भी बैठे हुए थे। चालक ने बताया कि सुखी बाईपास रोड बंद होने के कारण वह इस मार्ग से होकर जा रहा था, तभी यह घटना हो गई। ट्रांसफार्मर गिरने से कुछ देर के लिए फैक्ट्री चौराहे की बिजली सप्लाई भी बाधित रही, जिसे बिजली विभाग ने जल्द ही बहाल कर दिया।

**चौथा हादसा :** दीवानगंज कलारी के सामने हुई, जहां पीतमपुर से बगरोद जा रहा ट्रक (एमपी 09 जीएच 6588) हाईवे 18 पर अनियंत्रित होकर बाबुल के पेड़ से टकराकर पलट गया। ट्रक में भरा नए इंजन का सामान सड़क किनारे बिखर गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

#### दूसरी घटना : सड़क हादसे में बाइक चालक गंभीर घायल

दूसरी घटना भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर रविवार रात करीब 10 बजे पुरानी पुलिस चौकी के पास एक सड़क हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुयार बैरसिया निवासी युवक बाइक क्रमांक एमपी 04 बायएस 8442 से भोपाल की ओर जा रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसा इतना गंभीर था कि युवक को गहरी चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से तुरंत विदिशा जिला अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज जारी है। वही बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है।



#### ट्रैफिक बढ़ने के साथ ही खतरा और गहरा

इन दिनों मंडीदीप जाने वाले अधिकांश वाहन इसी मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक दबाव कई गुना बढ़ गया है और दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले इस हाइवे पर 12 हजार से अधिक वाहन रोज निकलते थे लेकिन अब रोजाना 15 हजार से 17 हजार वाहन डेली निकल रहे हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। ग्रामीण हाईवे 18 को चौड़ा करने की मांग करते चले आ रहा है। इसके बावजूद भी रोड को चौड़ा नहीं किया जा रहा है जबकि भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर डेढ़ साल के अंदर 200 से ज्यादा दुर्घटनाएं हो चुकी है जिनमें अभी तक 35 से ज्यादा व्यक्तियों की मौत हो गई तो भाई 200 से ज्यादा व्यक्ति घायल हुए हैं।

**पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया जांच में**

## घर जा रही महिला से छेड़छाड़ विरोध करने पर सिर फाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र अंतर्गत घर जा रही एक महिला को बदमाश ने अकेला पाकर बाल पकड़कर छेड़छाड़ कर दी। महिला के विरोध करने पर युवक ने पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया। जिससे महिला घायल होकर लहूलुहान हो गई। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल रेफर किया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी भूरी बाई पत्नी नंदकिशोर अहिरवार 30 वर्ष निवासी दीवानगंज जो वेलस्पन कंपनी में काम करती है। शाम के समय महिला भूरी बाई अपने घर जा रही थी। रास्ते में ख़लिान सिंह लोधी के घर के पास आरोपी रामबाबू लोधी छेड़छाड़ करने लगा और पुरानी बातों को लेकर गाली गलौच करने लगा और भूरी बाई ने जब इसका विरोध किया तो रामबाबू ने पत्थर उठाकर भूरी बाई के सिर में मार दिया। पत्थर के वार से महिला घायल होकर लहूलुहान हो गई। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल रेफर किया गया।



वहीं पुलिस ने आरोपी रामबाबू लोधी निवासी जमुनिया गांव के विरुद्ध मामला दर्ज कर प्रकरण में विवेचना शुरू कर दी है।

## गणगौर विसर्जन पर माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने गणगौर की विशेष पूजन प्राचीन श्रीजी मंदिर में कर महिलाओं द्वारा सोलह श्रृंगार कर नगर में गणगौर विसर्जन चल समारोह निकाला गया। माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में निकले चल समारोह में महिलाओं के साथ श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

नगर के श्री राधावल्लभ श्रीजी मंदिर से महिलाओं का चल समारोह प्रारंभ हुआ। अपनी पारंपरिक वैशभूषा में सजी धजी महिलाओं में भक्ति और संस्कृति की प्रभावी झलक बनी रही।

माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमति अर्चना राठी, सचिव पायल राठी, कोषाध्यक्ष अनुराधा राठी, के कुशल मार्गदर्शन में गणगौर कर प्रभावी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रतिज्ञा झवर, ममता भूतड़ा, शिलपा भूतड़ा, रीना राठी, जया राठी, माया भूतड़ा, अलका चांडक, प्रीति मालपानी, पल्लवी राठी, संगीता भंडारी के साथ अन्य माहेश्वरी समाज की महिलाओं की उपस्थिति सहभागिता बनी रही।



**नर्मदा क्षेत्र में शिव और शक्ति के प्राचीन सिद्ध स्थान**

## घोघरा नदी के किनारे विराजी आदिशक्ति बाराही माता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नर्मदा क्षेत्र सदियों से शिव और आदिशक्ति माँ दुर्गा के अनेक श्रद्धा केन्द्र आज भी बने हुए है। नवरात्रि में इन आदिशक्ति के प्रचीन स्थानों पर भक्तों की भीड़ बनी रहती है। तहसील के ग्राम टोंगा के पास अति प्राचीन बाराही माता का मंदिर विशेष श्रद्धा पूज्रीय बना प्राचीन बाराही माता का मंदिर देवी भक्तों के लिए श्रद्धा भक्ति का केन्द्र बना हुआ है।

अतिप्राचीन ग्राम भगदेई में मां कामाख्या देवी का प्राचीन चमत्कारी मठ है। क्षेत्र में अनेक प्राचीन शिव स्थान बापोली धाम, मांगरोल में मंगलेश्वर तीर्थ, शिव धाम भंडारिया है। ग्राम टोंगा में प्रमुख मार्ग के किनारे स्थित बाराही माता मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराना है। जहाँ वर्ष में प्रमुख चार नवरात्रि शारदीय नवरात्रि, चैत्र नवरात्रि, आषाढ़, माघ मास, वसंत पंचमी की गुप्त नवरात्रि हजारों देवी भक्तों की उपस्थिति होती है। 12 शवचंडी यज्ञ दुर्गा पाठ, 10 साप्ताहिक पुराणों का आयोजन हो चुका है।

आषाढ़ माह में 25-30 ग्रामों के देवी भक्तों द्वारा सहपरिवार बाराही माता मंदिर पहुंच कर हलवा पूरी, सीरा का भोग लगा कर कन्या भोज एवं प्रसादी ग्रहण किए जाने की परंपरा बनी हुई है। बाराही माता के साथ हनुमान जी, अंचलेश्वर महादेव की प्रतिमाएं स्थापित है। इसी के साथ भैरव महाराज और शनिदेव का भी मंदिर है। संत श्री वैदेही शरण महाराज के सानिध्य में देवी भक्तों के सहयोग से प्राचीन बाराही माता मंदिर में निर्माण कार्य और सिद्ध स्थान को मनोरम श्रद्धा भक्ति केन्द्र बनाया जा चुका है। साथ कालीन आरती में आसपास ग्रामीणों की उपस्थिति रहती है।



#### कभी नदी के किनारे विराजी थी बाराही माता

घोघरा नदी नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर और बाराही माता मंदिर के किनारे से नदी बहा करती थी। नदी की दिशा बदल गई। जहाँ पानी भरा रहता था अब वहाँ खेती होने लगी है। विशाल वृक्ष के नीचे बाराही माता की प्राचीन मूर्तियां अब मंदिर में स्थापित हो जाने के साथ बाराही माता का प्राचीन स्थान देवी भक्त नर-नारियों की श्रद्धा बनी हुई है। चैत्र की नवरात्रि में विशेष पूजन के साथ महिलाओं के संगीतमयी कीर्तन भजन और मातारानी के जसों का सिलसिला बना हुआ है।